SNEH TEACHERS TRAINING COLLEGE, JAIPUR
"Foster Emotional Intelligence in Youth Through Education" (ICFEIYE-2024)
DATE: 15 April 2024
International Advance Journal of Engineering, Science and Management (IAJESM)
Multidisciplinary, Indexed, Double-Blind, Open Access, Peer-Reviewed, Refereed-International Journal, Impact factor (SJIF) = 7.938

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यापनरत शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्वि एवं अभिवृत्ति में तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. रीना पाटिल, प्राचार्य, ज्ञानोदय शिक्षा महाविद्यालय, इन्दौर

सारांश

प्रस्तुत शोध में शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि एवं अभिवृत्ति में तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध के लिये मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर के 10 निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का चयन स्तरीकृत याद्दच्छिक लाटरी विधि द्वारा किया गया। प्रत्येक विद्यालय से 05–05 महिला एवं पुरूष शिक्षक को सम्मिलित किया किया गया। इस प्रकार कुल 50 महिला एवं 50 पुरूष शिक्षकों का चयन किया गया। प्रदत्तों के संकलन के लिये शोधार्थी द्वारा डॉ. एस. के मंगल द्वारा निर्मित मंगल इमोशनल इन्टेलीजेन्स इन्वेन्ट्री (MEII) का एवं डॉ0 जे0सी0 गोयल द्वारा निर्मित ''शिक्षण–व्यवसाय के प्रति अभिवृत्ति मापनी'' का प्रयोग किया गया। इस शोध कार्य में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापनरत पुरूष एवं महिला शिक्षिकाओं की संवेगात्मक बुद्धि के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापनरत पुरूष एवं महिला शिक्षिकाओं की अभिवृत्ति के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि एवं अभिवृत्ति के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया।

मुख्य शब्द – शिक्षक, संवेगात्मक बुद्धि एवं अभिवृत्ति

iajesm
Quality Of Work... Never Ended...